हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

06 गोशाला का प्लान तैयार करने व भूमि को जल्द ...

07 प्रतिदिन गुल हो रही नगर की बिजली विद्युत ...




## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**सीहोर।** नगर के गंज में 27 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार वर्षा पति कपिल सोनी निवासी गंज ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। महिला की एकवर्ष के लगभग की बेटी भी है। एकाएक उसने फांसी किस कारण से लगाई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। वहीं इसके पीछे घरेलू विवाद बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने फांसी पर झूलते हुए वर्षा के शव को नीचे उतारा।

### सुपर स्टार डांस काम्पटिशन 14 को

**सीहोर।** नगर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के भोपाल नाका मुरली रोड पर स्थित ब्लु स्टार के सभागार में भव्य व विशाल सुपर डांस काम्पटिशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर की प्रतिभाओं द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन कर डांस की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देगें। डांस कम्पटीशन चार केटेगिरी में सम्पन्न होगा जिसमें ट्रेडिशनल डांस फार्म में जुनियर व सिनियर वर्ग एवं वेस्टन डांस फार्म में जुनियर व सिनियर वर्ग सम्पन्न होगा। विजय प्रतिभागियों को चमचमाती ट्राफ व प्रत्येक प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान की जावेगी। आयोजन समिति के संयोजक प्रदीप नागिया, आशीर्ष गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर नगर की उत्कृष्ठ प्रतिभाओं का स्वागत सम्मान कर सम्मानित किया जायेगा। नागिया ने बताया कि डांस काम्पटिशन में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपना पंजीयन प्रदीप नागिया एवं आशीष गुप्ता से सम्पर्क कर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी।

### स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया में होगी भर्ती

**सीहोर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने सेल्स मैनेजर ट्रेनी के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार सेस की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन 25 जुलाई तक किए जा सकेंगे। आवेदक की अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। परिजन को तत्काल मिलेगा पीएफ सीहोर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने हादसे में मृत होने वाले कर्मचारियों के परिजनों को पीएफ, पेंशन, इंश्योरेंस तत्काल देने की सुविधा शुरु की है। इसके तहत मृत कर्मचारियों के परिजनों को नियमानुसार भविष्य निधि, पेंशन व बीमा का लाभ तत्काल मिलेगा। इसके लिए ईपीएफओ द्वारा तत्पर पोर्टल शुरू किया गया है। सभी संस्थानों ने नियोक्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे कर्मचारियों से जुड़ी सभी जानकारी तत्पर पोर्टल पर अपलोड कर दें।

## कलेक्टर की उपस्थिति में समूह महिलाओं ने किया पौधारोपण, पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में 2 हजार पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गुरुवार को समूह महिलाओं द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन लाड़वन ग्राम में स्थित सोलर प्लांट परिसर में किया गया। अवादा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के तहत सोलर प्लांट परिसर में 2 हजार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक पवन स्वर्णकार, अवादा फाउंडेशन के जनरल मैनेजर शैलेंद्र मिश्रा, जिला



समन्वय अभिषेक राठौर, प्लांट इंचार्ज महेंद्र सिंह सोमवंशी, आजीविका मिशन के प्रबंधक मुकेश पवार, बलवंत चैहान, ब्लाक सदस्य रिजवान खान सहित बड़ी संख्या में समूह महिलाएं उपस्थित रहीं। पौधारोपण के पहले सभी को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान लाड़वन एवं कसाई देहरिया के स्कूली छात्र एवं ग्रामीणजनों ने भी पौधारोपण किया। आजीविका मिशन की समूह महिलाओं ने जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को समूह के माध्यम से की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्राओं के साथ थाना प्रभारी ने किया पौधारोपण

**नलखेड़ा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्थानीय पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी ने स्कूली छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। गुरुवार को पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने स्थानीय सीएम राइज स्कूल की छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर छात्राओं व पुलिस जवानों द्वारा भी पौधारोपण किया गया। अधिकांश पौधे फलदार व छायादार लगाए गए। थाना प्रभारी उपाध्याय ने इस मौके पर छात्राओं को पेड़ों का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के साथ उन्हें बड़ा करने का संकल्प दिलाया।





### नगर परिषद गार्डन में पौधारोपण कर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**कानड़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर परिषद कानड़ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद को 10 हजार पौधारोपण का लक्ष्य दिया है। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि आमजन के सहयोग से लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवसिंह चौहान और उपस्तिथ अतिथियों ने नगर परिषद के गार्डन में पौधारोपण कर लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए लक्ष्य हासिल करने की शुरूआत की। कार्यक्रम अंतर्गत पेड़ हमारे जीवन में कितने जरूरी होते हैं इस विषय में जानकारी दी गई एवं पौधरोपण करने तथा पर्यावरण को बचाने की शपथ ली। साथ ही अभियान अंतर्गत जन-जन को पर्यावरण संरक्षण में जोड़ने का प्रयास कर पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण करने प्रेरित किया जाएगा। नगर परिषद द्वारा आयोजित की गई बैठक में अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, नप उपाध्यक्ष राजेश डीलर , पार्षद ओम पालीवाल, दरबार आर्य, बनेसिंह चौहान, बाबूलाल सूर्यवंशी,प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर, यशवंत जाधव,प्रेम सिंह झाला ,जीवन बीजापारी, जगदीशचंद्र मारू शिक्षक, दीपक सेन शिक्षक, महिला एवं बाल विकास से श्यामा व्यास सुपरवाइजर, संगीता तोमर, साथ ही निकाय के कर्मचारी संदीप बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक, प्रकाश कोरवे, अमित पटवाल उपयंत्री, अंकित शर्मा,अशोक कुमार पाठक , किशोर सोनी, बालकृष्ण पाटीदार, पंकज माली, हाशिम हुसैन, शुभम भारती, आनंद कुमार सोनी, तूफान सिंह सौंधिया आदि उपस्थित थे।




## सीएमएचओ कार्यालय में घटिया जीर्णोद्धार का काम हो रहा, बारिश में बह गया डेम प्रूफ, पुट्टी भी टपकने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सरकारी महकमों में किस तरह शासकीय राशि का दुरुपयोग और बंदर बाट की जाती है, इसकी बानगी आप सीहोर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में देख सकते हैं। जहां भवन जीर्णोद्धार कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीलन और टपकती छत को रोकने के लिए डेम प्रूफ बारिश हल्का और इतना घटिया लगाया गया की हल्की बारिश में ही निकल गया, वहीं पुट्टी भी निकलने लगी है। इससे साफ पता चलता है कि ठेकेदार द्वारा जहां घटिया और स्तरहीन सामग्री का इस्तेमाल किया गया।

गौरतलब है कि सीएमएचओ कार्यालय भवन बीते कई सालों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जगह-जगह से दीवारों में दरारें, सीलन, प्लास्टर उखड़ रहा था, छत टपक रही थी तो बिल्डिंग का रंग-रोगन भी नहीं हुआ। जिससे वहां कार्यरत कर्मचारियों को बारिश में काफी परेशानी होती है। जिसे देखते ही भवन का जीर्णोद्धार कार्य का ठेका दिया। बीते कुछ दिनों से



यहां मरम्मत, पुट्टी और रंग-रोगन कार्य किया जा रहा है। लेकिन बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल जीर्णोद्धार में किया गया है।

### 11 लाख में होना है जीर्णोद्धार

उल्लेखनीय है भवन का जीर्णोद्धार कार्य 11 लाख रुपए से किया जाना है। लेकिन कार्यालय की छत पर किया गया डेम प्रूफ बारिश में अभी से निकल गया है। पुट्टी भी सही नहीं की गई, दीवारों की दरारों को सही भरा नहीं गया, बेहद पतली और घटिया पुट्टी और रंग-रोगन कार्य यहां किया जा रहा है। जिससे कार्यालय के कर्मचारियों में भी काफी नाराजगी है।



**जिम्मेदारों की अनदेखी :** कार्य को लेकर ठेकेदार की लापरवाही के साथ ही मनमानी भी देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि भवन रैनोवेशन का ठेका करीब छह माह पहले भी स्वीकृत हो चुका था, लेकिन मनमानी बरतते हुए ठेकेदार ने कई महीने गुजार दिए। अब बारिश के समय रैनोवेशन किया जा रहा है। जबकि घटिया निर्माण को लेकर जिम्मेदारों का कोई ध्यान ही नहीं है, विभागीय इंजीनियर ने जहां अभी तक कार्य का निरीक्षण नहीं किया।

इस संबंध में एनएचएम के इंजीनियर मनोहर कुशवाह का कहना है कि ठेकेदार से बोल कर बेहतर कार्य करवाया जाएगा।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन 14 को

**नलखेड़ा।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर मालवा का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उद्घाटन 14 जुलाई को दोपहर 1.45 बजे होगा। शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन में सम्मिलित होने के लिए महाविद्यालय स्टॉफ और छात्रों व उनके अभिभावक को सूचित कर अनिवार्य रूप से उपस्थिति के लिए आग्रह किया है। उद्घाटन सत्र का प्रारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के नवीन द्वार पर फीता काटकर किया जाएगा, तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण का कैंपस में प्रवेश होगा। उसके बाद भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी ग्रंथ अकादमी का काउंटर और विद्यावन




का अवलोकन किया जाएगा। अतिथिगण द्वारा सरस्वती मां का पूजन, वंदन के बाद राष्ट्रगान होगा। प्राचार्य द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष का उद्बोधन, मुख्य अतिथि का उद्बोधन और अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार ज्ञापन के बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। प्रसारण के बाद सब अतिथिगण कॉलेज से प्रस्थान करेंगे। इस कार्य को प्रभावशाली रूप से करने महाविद्यालय का स्टॉफ सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थीगण और उनके अभिभावक को आमंत्रित किया है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

## ऑयल बॉल से ठहरे हुए पानी में पनपने वाला लार्वा होगा नष्ट

**सीहोर।** अब डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए ऑयल बॉल बनाकर रुके पानी में डालने का अभियान चलेगा। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को सम्पूर्ण जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जिले के समस्त शासकीय विभाग समन्वित रूप से अपने अपने क्षेत्रों में टीम बनाकर ऑयल बॉल डालेंगे। यह कार्य सुबह 10 बजे से 11 तक किया जाएगा। इस गतिविधि के छोटे-छोटे वीडियो बनाकर स्थानीय ग्रुपों में शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के 10 दिवस बाद उसी प्रकार फिर ऑयल बॉल उसी स्थान पर डाली जाएगी। इससे ठहरे हुए पानी में पनपने वाला लार्वा नष्ट होगा। इस ऑयल बॉल को पेयजल स्त्रोतों व बहते हुए पानी में नहीं डाला जाए। बताया गया है की आरा मशीन कारपेंटर की शॉप से लकड़ी का




बुरादा एकत्र कर, पुरानी चादर या घर के फटे हुए काटन के कपडे.से बॉल का निर्माण कर गाड़ी के जले हुए तेल में डुबा कर ठहरे हुए पानी में डालना है। यह सस्ती व सुलभ विधि है। इस बॉल के तेल की परत ठहरे हुए पानी की सतह पर जम जाती हैं, जिससे मलेरिया एवं डेंगू के एनाफिलीस एवं एडीस मच्छर के लार्वा ऑक्सीजन न मिलने के कारण पानी के अन्दर ही नष्ट हो जाते हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 100 बॉल व शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड को 50 बॉल निर्माण के निर्देश दिए गए हैं।

### करीब चालीस एकड़ क्षेत्र में की गई है श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था

# कुबेरेश्वरधाम पर मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूप और पानी से श्रद्धालुओं को बचाएगा वाटर प्रूफ पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गुरुदेव भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। आगामी 14 से 21 जुलाई तक होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर गुरुदेव पंडित मिश्रा सहित समिति और आस-पास के क्षेत्रवासी शामिल थे। भव्य पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। करीब चालीस एकड़ क्षेत्र में श्रद्धालुओं को ठहराने, कथा का श्रवण करने, भोजन करने के अलावा अन्य के लिए वाटर प्रूफ पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मंगलवार को विठलेस सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि ने यहां पर निर्माण कार्य की व्यवस्था देखी। यहां पर लगाए जाने वाले वाटर प्रूफ पंडाल से आने वाले श्रद्धालुओं को धूप और पानी से बचाएगा। इन पंडाल में एक साथ तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था हो सकती है।



इस संबंध में विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि करीब 40 एकड़ के मंदिर परिसर में अनेक भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। 14 जुलाई से आरंभ होने वाले इस आस्था के महाकुंभ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन आऐंगे सात दिन कथा का आयोजन किया जाएगा और 21 जुलाई को गुरुदीक्षा प्राप्त करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा के द्वारा भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम का प्रसारण भी चैनल सहित अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा, जिससे करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को जीवन में गुरु के महत्व और ईश्वर की आस्था के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि हर साल गुरु के प्रति अपनी आस्था दिखाने के लिए आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा या गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन, क्षेत्रवासी, सभी समाजों के अलावा समिति के द्वारा व्यवस्था की जा रही है। यहां पर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए अनेक पंडाल के अलावा, उपचार केन्द्र, शौचालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं समिति ने भी अपनी ओर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं जिला प्रशासन भी लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तैयार है।

## ट्रैक्टर के पीछे 500 लीटर की बंधी थी टंकी, घाटी पर पलटा, किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इछावर क्षेत्र के गांव लसुड़िया कांगर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 35 वर्षीय किसान की मौत हो गई। ट्रैक्टर के पीछे 500 लीटर की टंकी बंधी हुई थीं। ऐसे में घाटी चढ़ाने के दौरान ट्रैक्टर आगे की ओर से उठकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार इछावर तहसील के ग्राम लसुड़िया कांगर में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे यह हादसा हुआ। 35 वर्षीय सुरेश वर्मा खेत में दवा का छिड़काव करने गया था। बीच में करीब 4 से 5 फीट ऊंची घाटी चढ़ाने में ट्रैक्टर अनियंत्रण होकर पलट गया। जिसके कारण सुरेश वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए इछावर पहुंचाया गया।

**खबर संक्षेप**

## शनिवार को नेशनल लोक अदालत होगी

**देवास।** शासन निर्देशानुसार के 13 जुलाई शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे नगर निगम द्वारा शनिवार 13 जुलाई को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत मे करदाताओं द्वारा संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि एक मुश्त जमा करने पर अधिभार (सरचार्ज) मे छूट प्रदान की जावेगी। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को एक दिवसीय लोक अदालत मे करदाताओं को अपना बकाया कर जमा करने की सुविधाओं हेतु निगम मे अतिरिक्त काउंटर लगाये जाने के साथ ही झोन कार्यालय माताजी पेढी के सामने स्थित भगवती द्वार सराय एवं उज्जैन रोड बस स्टैंड पर करदाताओं के बैठने एवं पीने के पानी की सुविधा रहेगी। जिससे करदाताओं को अपना बकाया कर जमा कराने मे असुविधा न हो। लोक अदालत के दिवस झोन कार्यालयों मे कर जमा करने का समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक तथा निगम कार्यालय मे प्रातः 9.30 बजे से कार्य समाप्ति तक रहेगा। महापौर ने संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों से अपील की है कि वे शनिवार को एक दिवसीय अयोजित नेशनल लोक अदालत मे अपना कर जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) मे छूट का लाभ लें।

### गोशाला निर्माण के लिए चयनित भूमि का कलेक्टर, विधायक ने किया निरीक्षण

# गोशाला का प्लान तैयार करने व भूमि को जल्द समतल करने के दिए निर्देश

**हाटपीपल्या विधानसभा के ग्राम राजोदा में गौशाला निर्माण के चयनित भूमि का कलेक्टर गुप्ता और विधायक हाटपीपल्या चौधरी ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हाटपीपल्या विधानसभा के ग्राम राजोदा में गोशाला निर्माण के चयनित भूमि का कलेक्टर ऋषव गुप्ता और विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्वामी अच्युतानंद सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, तहसीलदार सपना शर्मा, उपायुक्त नगर निगम इंदू भारती, देवास नगर निगम से सौरभ त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने देवास जनपद पंचायत के इंजीनियर जगदीश नरवरिया को गौशाला का प्लान शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। भूमि को समतल करने के कार्य का निरीक्षण किया और शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधितों को दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम राजोदा में लगभग 4 हेक्टेयर भूमि में लगभग 4 करोड़ की लागत से गोशाला का निर्माण कराया जायेगा। गोशाला में 4 शेड बनाये जायेंगे। गोशाला में लगभग दो हजार गाये रखने की छमता होगी। गोशाला में बीमार गाय के उपचार के लिए अलग शेड बनाया जायेगा। गोशाला में ऑफिस, चौकीदार कक्ष बनाया जायेगा। गोशाला परिसर में चारों ओर तार फेंसिंग की जायेगी। निर्मल नीर के तहत कुआं और 20 हजार लीटर क्षमता का ओवर हेड टेंक भी बनाया जायेगा। पानी की मुख्य लाइन गोशाला में कनेक्शन, बिजली कनेक्शन दिया जायेगा। गोशाला में भूसा रखने के लिए गोदाम बनाया जायेगा।

### गोवंश को सड़कों पर खुला छोड़ने पशु मालिकों पर होगी कार्रवाई

देवास।उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग देवास डॉ सी.एस. चौहान ने बताया कि देवास जिले में मुख्य मार्गों (राष्ट्रीय/राज्य मार्ग) पर गोवंश विचरण की रोकथाम एवं दुर्घटना से बचाव के लिए पेट्रोलिंग वाहन द्वारा ए.बी. रोड उज्जैन एवं भोपाल रोड के 40 से 50 किलोमीटर पर गो पेट्रोलिंग की कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है। आकस्मिक आवश्यकता के लिए भौंरासा टोल प्लाजा तथा शंकरगढ़ टोल प्लाजा पर चलित पशु चिकित्सालय वाहन (हेल्पलाइन नम्बर-1962) भी तैनात किये गये है। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग देवास डॉ सी.एस. चौहान ने देवास जिले के पशु पालकों से अपील करते हुए कहा कि पशु स्वामी अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोडे मुख्य मार्गों पर वाहनो की आवाजाही प्रभावित होने के साथ-साथ पशुधन एवं जनहानीं भी हो सकती है। गोवंश को सड़को पर खुला छोडने पर पशुओं को जब्त कर पशु मालिकों पर कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क किनारे सोए दो युवकों पर चढ़ी कार

**हादसे में एक मौत एक गंभीर घायल**



**देवास।** अस्पताल में घायल का उपचार करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल होने पर इंदौर रेफर किया गया।

जहां उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार काले खान और उसका साथी अय्युब खान निवासी कानपुर अपने अन्य साथियों के साथ मक्सी रोड स्थित एक होटल के बाहर रात में सो रहे थे। तभी एक कार चालक तेज गति से आया और सोए हुए लोगों पर अपना वाहन चढ़ा दिया। जिसमें काले खान और अय्युब घायल हो गए दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान काले खान की मौत हो गई जबकि अय्युब को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया।

बताया जा रहा है कि यह इंदौर से कानपुर के लिए निकले थे तभी रात्रि में मक्सी रोड पर एक होटल में खाना खाने के बाद सो गए तभी हादसा हुआ था।यह सभी जड़ी बूटी व अन्य सामान बिक्री करने का कार्य करते हैं। कानपुर से मृतक के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम होगा। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## शासकीय स्कूल करनावद में किया पौधरोपण



**चापडा।** नगर करनावद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और एकीकृत माध्यमिक विद्यालय करनावद में एक वृक्ष एक संकल्प अंतर्गत बीएसडब्ल्यू फार्मास्युटिकल प्रा. लिमिटेड इंदौर के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह भंडोले और प्रधान अध्यापक बुखार सिंह सेंधव एवं समस्त स्टाफ तथा नगर पंचायत करनावद के उपाध्यक्ष राजेश गोयल और राजेश कुमार गोयल इंदौर, रमेश चंद्र सोलंकी, रवि चौहान, देवेंद्र चौहान, मोहित बामनिया, लोकेश, मनोज और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रशिक्षण केंद्र का सीईओ प्रजापित ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा जनपद पंचायत बागली में संचालित सरस्वती सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित ने औचक निरीक्षण किया। सरस्वती सामुदायिक प्रशिक्षण प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे संभावित लखपति दीदी प्रशिक्षण में लखपति सर्वे एवं लोकोस एप्लीकेशन में प्रविष्टि के सम्बन्ध में दीदियों से चर्चा की गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रजापित ने सहायता समूह की दीदियों को व्यक्तिगत सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा और समूह, व्यक्तिगत ग्राम संगठन तथा संकुल संगठनों के खातों को 'ऑटो स्वीप' अंतर्गत बैंक से एक्टिव कराने को कहा, जिससे की सामुदायिक संस्थाओं को अधिक ब्याज मिल सकेगा। प्रशिक्षण में दीदियों से उनके अनुभव, आजीविका को लेकर उनकी समझ तथा भविष्य की योजना के संबंध में चर्चा कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा वहां उपस्थित जिला एवं विकासखंड की टीम को दीदियों के लिये क्लस्टर स्तरीय उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को स्थापित करने की दिशा में प्रयास करने के सुझाव दिये। सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र के संचालन की प्रक्रिया को दीदियों से सुना तथा उनके प्रबंधन क्षमता की सराहना की। दीदियों द्वारा प्रशिक्षण केंद्र को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सरस्वती सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र एवं संचालक संकुल संगठन की दीदियों को आगे भी इसी तरह कार्य करते रहने एवं सरस्वती सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में लगातार प्रशिक्षण आयोजन करने का कहा।

## बालिकाओं को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**देवास।** संस्था आस एवं सीआरवाय प्रॉजेक्ट के तहत सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने ग्राम शुक्रवासा में आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी। आस संस्था के डायरेक्टर वसीम इकबाल ने कहा कि इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में बालिकाओं को विशेष सेफ्टी इक्विपमेंट के साथ अभ्यास करवाया गया। देश के प्रसिद्ध सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम 39 वर्षों से बालिकाओं और महिलाओं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण ट्रेनिंग दे रहे हैं। सईद आलम द्वारा बालिकाओं को रियलिस्टिक सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई। मिशन हिफाजत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में 30 बालिकाओं ने ट्रेनिंग ली।

# निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के स्टाफ को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के स्टॉफ को एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) अंतर्गत एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म आई.एच.आई.पी. पोर्टल का प्रशिक्षण ई-दक्ष प्रशिक्षण केंद्र देवास में दिया गया।प्रशिक्षण में जिले की निजी स्वास्थ्य संस्थाओं (निजी क्लिनिक, लैब एवं चिकित्सालय) में संक्रामक बीमारियों जैसे बुखार, सर्दी-खासी, उल्टी-दस्त, सीजनल फ्लू मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की जाँच एवं उपचार तथा मरीजों की संख्या मरीजों की जानकारी आई.एच.आई.पी. पोर्टल दर्ज करने संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण डीएचईसीओ डॉ शाहिद शेख, जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ कर्तव्य कुमार तिवारी, डॉली वाहने ने दिया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी को प्रमाण-पत्र दिए गए। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एम.एस. गोसर ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आपकी संस्था में आने वाले बुखार, सर्दी-खासी, उल्टी-दस्त, सीजनल फ्लू मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बिमारियों के मरीजों की जानकारी पोंटल पर ऑनलाईन दर्ज करें।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यशाला व जागरूकता गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल देवास और ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र और ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यशाला में बताया गया कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में परिवार नियोजन के साधनो की उपलब्धता सुनिश्चित कर दम्पतियों को सेवा प्रदायगी सुनिश्चित की जाये। जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कर दंपती सम्पर्क पखवाडा में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा घर-घर जाकर और आरोग्य केन्द्रों पर जागरूक किया जाये।

कार्यशाला में बताया गया कि जिले में 11 अगस्त तक जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में जनसंख्या स्थिरीकरण सेवा प्रदायगी गतिविधियां आयोजित की जायेगी। सीएमएचओ डॉ एम.एस. गोसर ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण अभियान में व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सभी चिन्हित दंपतियों को परिवार नियोजन की अस्थायी और स्थायी सेवाये प्रदान की जाएगी। साथ ही संतानों के बीच अंतराल के लिये अस्थायी साधन, अंतरा इंजेक्शन, छाया गोली, ओरल पिल्स कॉपर टी, परिवार नियोजन के स्थाई साधन महिला नसबंदी और पुरुष नसबंदी सेवाएं प्रदान की जायेगी।

परिवार नियोजन की स्थाई सेवाओं में प्रसव पश्चात 7 दिवस में महिला नसबंदी ऑपरेशन कराने पर 03 हजार रूपए, प्रेरक को 400 रुपये दिये जाते है, महिला नसबंदी हाथ से सीटीटी या दूरबीन द्वारा एलटीटी कराने पर हितग्राही को 2 हजार रुपए प्रेरक को 300 रुपये और पुरुष नसबंदी कराने पर 03 हजार रुपए और प्रेरक को 400 रुपये दिये जाते है। जिला अस्पताल देवास, बरोठा, सोनकच्छ, टोंकखुर्द, खातेगांव, कन्नौद और सतवास, बागली, उदयनगर, हाटपीपल्या, डबलचौकी में महिला नसबंदी दूरबीन द्वारा एल.टी.टी. और जिला अस्पताल में प्रतिदिन हाथ के आपरेशन सीटीटी और पुरुष नसबंदी किए जा रहे हैं।

अधिक जानकारी के लिए क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता या शासकीय अस्पताल में सम्पर्क कर सकते है। जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनील तिवारी, डॉ शाहिद शेख, डॉ राजेन्द्र गुजराती, डॉ आयुष आचार्य, मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय, एपीएम स्वीटी यादव, बीईई सुखदेव रावत सहित शहरी मेडिकल ऑफिसर, सुपरवाईजर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत देवास पुलिस ने वृह्द स्तर पर किया पौधरोपण

# लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लें: एएसपी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाईन में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पुलिस स्टाफ द्वारा पुलिस लाइन क्षेत्र में करीब 100 पौधों का रोपण किया और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही जिले में सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों व स्टाफ द्वारा भी 50-50 पौधों का रोपण करके उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में जिले के सभी थानों-चौकीयों सहित देवास पुलिस लाइन में पौधरोपण किया गया। मुख्य कार्यक्रम गुरुवार को पुलिस लाइन में सुबह 10 बजे आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है । मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना के निर्देशन में गुरुवार को पूरे प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा इस अभियान के तहत पौधरोपण किया गया । जिले में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में अभियान एक पेड़ मां के नाम चलाया गया । जिले के सभी थाना/चौकी देवास पुलिस लाइन आदि में पौधरोपण किया गया । जहां पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने पर्यावरण की रक्षा एवं माँ के प्रति कृतज्ञता जताते हुए अपने परिजनों के साथ पौधरोपण किया। अभियान के तहत मुख्य पौधरोपण कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे देवास पुलिस लाइन में किया गया । जहां पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम,नगर पुलिस अधीक्षक दीषेश अग्रवाल सहित पुलिस स्टॉफ एवं उनके परिवारजनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण किया । एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज एसपी महोदय व सभी स्टाफ की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया है। सभी ने काफी उत्साह के साथ पौधरोपण किया और संकल्प लिया की लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे।

# स्काउट गाइडर की हुई तहसील स्तरीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश के जिला सह सचिव अश्विन घोरपडे व जिला कमिश्नर स्काउट हरी सिंह भारती के निर्देशानुसार बागली ब्लाक के स्काउटर एवं गाइडर की बैठक गुरुवार को शा.सी. एम. राइज स्कूल बागली में जिला संघ अध्यक्ष मनोज जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बागली एन पी सिंह,सी एम राइज स्कूल प्राचार्य सोनिया वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड के वार्षिक केलेण्डर अनुसार मनोज उपाध्याय, अश्विन घोरपडे, मनोज पटेल व जितेंद्र मंडलोई ने सभी को जानकारी दी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एन पी सिंह ने बताया कि इस वर्ष बागली ब्लाक के सभी हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल में स्काउट-गाइड की गतिविधियां संचालित करवाई जाएगी। आप लोग शीघ्र ही अपना अधिकार पत्र बनवा लें जिससे आप अपनी संस्था में सुचारू रूप से स्काउटिंग की गतिविधियां संचालित कर सके। बैठक के अंत में अतिथियों ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर राधा किशन मरमट, योगेश तिवारी, कमल सिंह राजपूत श्रवण जोशी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र मंडलोई आभार मुकेश गोस्वामी ने माना।

## खबर संक्षेप

### मौसी के घर पधारे भगवान जगन्नाथ



**आष्टा।** भगवान श्री जगन्नाथ के अपनी मौसी के यहां पधारने पर भगवान जगन्नाथ के आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान ध्रुवजी के चरित्र व भक्त प्रहलाद, राजा जड़ भरत के चरित्र की विस्तार से कथा सुनाई। कथा के दौरान भक्ति के लक्षण, संतों का प्रेम, भागवत सत्संग से क्या लाभ है आदि को लेकर विस्तार से बताया। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनंद धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

### बाबा का सम्मान कर लिया आशीर्वाद



**आष्टा।** टिकोन वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध संतश्री का कॉलोनी चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टिकोन वाले बाबा साहब ने अपने भक्तों का स्वागत सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि आष्टा नगर सचमुच में आस्था नगर है। यह आस्थावान नगरी समरसता, सद्भाव व आस्था से सराबोर नगरी है। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, सुदीप जायसवाल, नीलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, मोहनबाबू शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा, बबलू शर्मा, आनंद गोस्वामी, संदीप सोनी सहित अन्य भक्तगण मौजूद थे। संतश्री का स्वागत चल समारोह नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के निज कार्यालय से प्रारंभ हुआ जो प्रमुख मार्गों से होकर निकला।

### मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती के बाद भी बदहाल बिजली व्यवस्था

# प्रतिदिन गुल हो रही नगर की बिजली विद्युत विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश

बारिश का मौसम बनते ही जरा सी हवा चलने के बाद बिजली कंपनी के जिम्मेदार बिजली सप्लाई बंद कर देते है। कई बार तो अघोषित बिजली के कारण रहवासियों को घंटो अंधेरे में रहना पडता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बिजली विभाग नगर में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है, लेकिन हकीकत कुछ और है। बिजली कटौती से परेशान नगर के लोगों को गर्मी में तो होती ही है पर बारिष के समय और भी दिक्कत हो रही है। नगर में इन दिनों घंटों बिजली की कटाती की जा रही है। जरा सी हवा आंधी व बारिश होते ही बिजली गुल कर दी जाती है। बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। ऐसे में लोगों को अघोषित कटोंती से जूझना पड रहा है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर फॉल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है। वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा वाटस्प ग्रुप में कटोती की सुचना दिन में कई बार देकर पल्ला झांड़ लेते है। नगर में बिजली का लोड अधिक होने के कारण नगर के कई वार्डो में 4 नये ट्रांसफार्मर लगाकर चालु किये गये है इसके बाद भी नगर की बिजली बार बार पर कटती है।

वही दूसरी और विद्युत विभाग की अंधेदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बड़ती जा रही है हकिमाबाद से जावर आई बिजली की 33 केबी लाईन कभी फाल्ट होना, तो कभी ट्रांसफार्मर जलना और तो और झुलते तार के फाल्ट होने के कारण विद्युत कर्मचारियों द्वारा जावर नगर सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बार-बार बंद करना आम बात हो गई। दिन तो दिन रात में भी कई बार बिजली का आना-जाना लगा रहता है। उमश के कारण लोग जहां परेशान है वही बिजली के बार-बार चले जाने के कारण लोग घरो के बहार देर रात्री में बिजली आने का इंतजार करते रहते है और बिजली कर्मचारियों को कोसते नजर आते है। जब भी नगर में हवा आंधी चलती है तो हकीमाबाद से जावर आई 33 केबी फाल्ट हो जाती है। जिसका फाल्ट ढुंडने के लिए बिजली कर्मचारियों को घंटो लग जाते है। जबकि बिजली विभाग बारिश के पुर्व मेंनटेंस के नाम पर पुरे दिन बिजली बंद रखती है क्योकि बारिश के समय झुलते तार व झुके हुए खम्बो को दुरूस्त किया जाता है। उसके बाद भी बिजली विभाग हमेशा हवा आंधी के चलते बिजली सप्लाई नगर में घंटो बंद कर देते है।

# नगर के प्रमुख चौराहों का नहीं हुआ कायाकल्प

### आए दिन बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा शहर के प्रमुख चौराहों का अभी तक कायाकल्प नहीं हो सका है। इससे नगर की ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ रही है। नगरवासियों का कहना है कि अगर इन चौराहों का कायाकल्प हो जाता है तो सुंदरता के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी ठीक हो सकती है। बता दें कि शहर में विभिन्न मार्गों पर 12 से भी अधिक चौराहे हैं, लेकिन उनका विकास नहीं हो सका है। इधर चोराहों का विकास नहीं होने से ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ रही है। इस कारण आए दिन चौराहों पर जाम लग जाता है।

#### इन चौराहों का नहीं हुआ कायाकल्प

नगर के राजू सेन ने बताया कि शहर के सब्जी मंडी मार्ग, पुराना बस स्टैंड, अलीपुर चौराहा, इंदौर नाका चौराहा, भोपाल नाका चौराहा, अस्पताल चौराहा, कॉलोनी चौराहा, अदालत चौराहा सहित कई चौराहे दुर्दशा का शिकार है। उन्होंने बताया कि अगर नगर पालिका इन चौराहों का कायाकल्प कर दें, तो सुंदरता के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधर जाएगी।

#### चौराहों का होगा विकास

मामले पर नपा अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा ने बताया कि शहर के विभिन्न चौराहों का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। यह हमारी योजना में शामिल है। चौराहों पर व्यवस्थाए की जाएगी। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि चौराहों का कायाकल्प किया जाएगा ताकि चौराहे सुंदर नजर आए।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सीएम राइज शासकीय उमावि जावर के नवीन भवन और शाला का औचक निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने किया। निरीक्षण के दौरान नवीन भवन के निर्माण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात विद्यालय परिसर में एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सांख्यिकी अधिकारी एच एस निमंजे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व सेवा निवृत संकुल प्राचार्य दिनेश चंद्र बाहेती, सीएम राइज प्राचार्य नितिन कुमार कौशल, उप प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा, नरेश पॉल, लोकेंद्र ठाकुर, कमलेश खत्री, मार्क्स केरकट्टा सहित संस्था के छात्र- छात्रा और स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।




# स्कूलों में लगाए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शास्त्री निकेतन विद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा आठवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं जांच के लिए सैंपल कलेक्शन किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित माथुर के सानिध्य में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न किया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं स्टाफ ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें डॉक्टर अमित माथुर द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में भी बताया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना भी की जिसमें लैब से देवकरण सिंह, लैब टेक्नीशियन प्रद्युम्न वैद्य, आयुष्मान राहुल मालवीय, लैब टेक्नीशियन संदीप जाट, लैब टेक्नीशियन एवं विटीन पाटीदार, ज्ञान सिंह,शास्त्री विद्या निकेतन के प्रभारी जयंत बिलोर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के साथ किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के मैनेजमेंट विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. सौजन्य श्रीवास्तवा, विभागाध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी, आशुतोष फरेला, प्रियंका फरेला, छात्र-छात्राएं, सम्मिलित होकर पर्यावरण संरक्षण और हरित कार्यों के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी दर्शाई। इस उत्सव में नए पौधे लगाए गए और वातावरण संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई। इस अद्वितीय पहल के माध्यम से हमने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी साझी जिम्मेदारी को साबित किया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### ऋण की बकाया राशि 31 तक जमा करे

**नर्मदापुरम।** म.प्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, भोपाल द्वारा वर्ष 1995-96 से पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्गो के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालें परिवारों को विभिन्न गतिविधियों में ऋण का वितरण किया जाता रहा है। जिला नर्मदापुरम में म.प्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, भोपाल द्वारा पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के हितग्राही को ऋण वितरण किया गया है। पिछडा वर्ग के ऋण में रु 129 लाख की राशि बकायादारो से वसूल की जाना है और अल्पसंख्यक वर्ग के ऋण में रु 32 लाख की राशि बकायादारो से वसूल की जाना है।

# जेडी के निरीक्षण के दौरान स्कूल में लटकता मिला ताला, छात्राएं बैठी थीं बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार को शिक्षा विभाग की संयुक्त संचालक और उपसंचालक क्षेत्र के स्कूलों में पहुंची, जहां स्कूलों में ताला डला मिला। जिस जेडी भावना दुबे ने नाराजगी जाहिर कर स्कूल के गेट पर बच्चियों के साथ बैठकर स्कूल खुलने का इंतजार किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोलरिया एवं रेसलपुर के स्कूल में ताला मिला।

दोनों अधिकारी भावना दुबे संयुक्त संचालक एवं ज्योति प्रहलादी उपसंचालक ने समस्त स्टाफ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिसरोद में साफ सफाई के निर्देश दिए जारी किए।

शासकीय हाई स्कूल देशमोहनी में बच्चों को बढ़ाए जाने पर जोर देने की बात कही। जेडी भावना दुबे ने बताया कि लगातार निरीक्षण किया जाएगा, सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे, नियम अनुसार अध्यापन का कार्य करना सुनिश्चित करे। अगर आगामी निरीक्षण में पुनरावृति होती है तो ,एक वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव भी वरिष्ठ कार्यालय को भेजे जाएंगे।



### कृषि उपज मंडी में मिला युवक का शव

**इटारसी।** शहर की कृषि उपज मंडी में बुधवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। युवक पहचान भोपाल निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पिता मनोहर उम्र 32 के रूप में हुइर है। यह भोपाल के वार्ड नंबर 56 हूजुर का रहने वाला है। जीतू जीवन ट्रांसपोर्ट में क्लीनिर का काम करता है जो ड्रायवर के साथ इटारसी आया था। रात में ड्रायवर उसे वहीं छोड़कर अपने घर चला गया था। सुबह लोगों ने उसका शव देखकर पुलिस को खबर की। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट संचालक के माध्यम से परिजनों को सूचना पहुंचाई गई है।उनके आने के बाद गुरूवार को पीएम होगा।

### प्रमाण सागर के तीन बार आने से जैन समाज ने तीन उपलब्धियां प्राप्त की

# महेंद्र जैन जादूगर ने चौथी सराहनीय पहल की: प्रणाम सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुझे इस बात की खुशी है कि जब-जब में इस आष्टा की पावन धरा पर आया हूं, तब तक महेंद्र जैन जादूगर ने एक अलग ही नई प्रेरणा की अलख जगाने का काम किया है। इस बार उन्होंने समाज के असहाय लोगों के लिए सा- धार्मिक भक्ति की पहल की है, जो निश्चित ही हर क्षेत्र में की जाना चाहिए । पहली बार आष्टा आया था जब हिंसा से बचने हेतु दिन में शादी का भोजन कराने अहिंसा का जय घोष कराया था। दूसरी बार में निर्माण दोष से बचने हेतु प्रभावना प्रबंधन की दान पेटी मंदिर में रखाई थी ।तीसरी बार द्रव्य के दुरुपयोग से बचने हेतु समाजजन के सहयोग से मंदिर जी का चढ़ा द्रव्य चावल आदि माली से लेकर पशु ,गौशाला एवं पक्षियों के लिए भेज देते हैं । चौथा हम ऐसा कौन सा काम करें जिससे आत्मा ,समाज और देश की उन्नति हो सके। इसके लिए महेंद्र जैन जादूगर ने साधार्मिक भक्ति की पहल की।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शंका समाधान एवं श्री सम्मेद शिखरजी महातीर्थ पर गुणायतन प्रणेता मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने शंका समाधान कार्यक्रम में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहीं। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा जब शरीर भी तुम्हारा नहीं तो फिर परिवार कैसा। जीयो आत्म कल्याण के लिए। खुदके होकर जियो,पर के लिए नहीं।

मोह में जीने वाला अपनी अंतरात्मा को नहीं पहचान पाया है। व्यक्ति माला के पीछे नहीं माल के पीछे भाग रहा है। मुनिश्री ने कहा यह जीवन नश्वर है। मरने के पहले अमर बन जाओ,चिता जले उसके पहले चित्त को जगा लो। पहले श्मशान में थोड़ी बहुत त्याग की बात होती थी और आज वहां भी हंसी ठिठोली करते हैं। आत्मा से अनुराग जोड़े,एक तिनका भी साथ नहीं जाएगा, जोड़ना है तो वह जोड़े जो साथ जाएंगा,वह




है धर्म।धन, वैभव यही रह जाएगा,गुण वैभव जोड़े, दृष्टि को बदलें, अपनी सिर्फ आत्मा है। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा किसी की भी कमी सबके सामने न बताएं,उसकी अच्छाई के साथ कमी दिखाएं। अपनी बेटी बड़े नगरों में देना चाहते हैं और अपने यहां बहू को लाना चाहते हैं,यह कैसे संभव है,अपनी मानसिकता बदलना होगी। मुनिश्री ने कहा जीवन हमारे निर्माण का साधन है,साधक नहीं। व्यक्ति की पहचान चेहरे से नहीं चरित्र से होती है। आदमी के चरित्र को पहचान कर काम करे। मुनिश्री ने शंका समाधान कार्यक्रम में काल सर्प योग के प्रश्नोत्तर में कहा कि 55 साल पहले किसी ने इसे निजात किया है।

हाथ कंगन को क्या आरसी। भगवान की भाव भक्ति से आराधना करों, सारे कष्ट दूर होंगे।काल सर्प योग वाले मुकेश अंबानी, सचिन तेंदुलकर सहित अनेक लोगों को काल सर्प योग लेकिन आज वे पूरे देश ही नहीं विश्व में प्रसिद्ध है। मुनिश्री ने कहा 36 गुण मिलाकर शादी करने वाले के आज 36 का आंकड़ा चल रहा। आज पहले जन्म पत्रिका बन रही, बच्चे बाद मे जन्म ले रहे हैं। प्रपंचों में न उलझें। महापुरुषों का जन्म पुण्य भूमि पर होता है। यह देव भूमि है। यहां तीर्थंकरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जब भी मौका आए में नहीं हम का उपयोग करें। धर्म क्षेत्र पर सिर्फ धर्म की ही चर्चा होनी चाहिए।हिरण और शेर अपने अपने लिए जीते हैं। अनेक बार शेर भूखा भी रहता है। निर्वेग सागर महाराज का प्रश्न चरणों की रज का महत्व है या चरण स्पर्श का। चरणों और चरण रज दोनों का महत्व मुनिश्री ने बताया। चरण आचरण का प्रतीक। चरणों में इसीलिए शीर झुकाते हैं। गुरु के चरण स्पर्श कर उनकी ऊर्जा मिलती है।होश मत खोइए,चरण रज से हम अपने जीवन में बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं गुरु की रज शिष्य के मस्तिष्क पर चंदन के समान है। पूर्वाग्रह के कारण अच्छाई नहीं दिखती है। बच्चों को पाठशाला में थोपें नहीं। उन्हें धर्म आराधना सिखाए

# स्वयं का विवेक जागृत किए बिना कल्याण असंभवः संजय भैय्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

व्यक्ति को अपना कल्याण करना है तो स्वयं का विवेक जागृत करना होगा।प्रथमानुयोग पड़ने से धर्म के प्रति श्रद्धा बनती है,छोटे -छोटे दृष्टांत से हम धर्म के प्रति लोगों को सजग कर सकते है।संसारी जीव समझ नही पाता कि हमारा वैभव कितना है, हमारे अंदर भी कितनी शक्ति विद्यमान है ,जिसके पास स्वयं का अंदर का ज्ञान नही है ,उनके लिए शास्त्र भी कुछ करने वाले नहीं है। उक्त आशय के उदगार श्री नेमिनाथ जिन मंदिर में चल रहे धर्म सभा के दौरान ब्रह्मचारी संजय भैय्या ने व्यक्त किये ।उन्होंने बताया कि स्वयं का विवेक जागृत किए बिना कल्याण असंभव है ,चाहे कितने ही शास्त्र पढ़ लो, बिना विवेक बुद्धि के कुछ भी नही होता। शास्त्र कुछ नहीं कर सकते हैं। ब्रह्मचारी संजय भैय्या ने कहा केवल शास्त्र को प्रतिदिन अर्घ्य चढ़ाने से कुछ नही होगा, जब तक हम उन्हें विवेक पूर्वक अध्ययन नही करते ज्ञान का फल क्या है। ज्ञान का फल हित की प्राप्ति ओर अहित का परिहार जिससे होता हो वही सच्चे ज्ञान का फल है। छहढाला में आत्मा का हित बहुत अच्छे से बताया गया है ।आकुलता मोक्ष में नही है, हमें मोक्ष मार्ग में ही लगे रहना चाहिए ।जीव का पूर्ण रूप से स्व हित में लग जाना ही धर्म आराधना है।हम प्रतिदिन मन्दिर आते है, पूजा पाठ करते हैं और अज्ञानी प्राणी अर्थ ध्यान में निरन्तर लगा रहता हैं ,वे मूर्ख जीव कहलाते है।वे इस लोक में ओर परलोक में अपने हित को प्राप्त नही कर पाते है। आपने कहा कि तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ में बताया गया है कि धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान मोक्ष में कारण है।ओर शुरू के दो ध्यान आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान संसार के कारण है, जिसकी बुद्धि और ध्यान अच्छा होगा वह इन दोनों ध्यान से बचने का प्रयास करते हैं।


## हरिभूमि ने सालभर पहले भी जगाने की थी कोशिश, पर अधिकारियों को नहीं मिला अभी तक समय

# सालभर में भी नहीं जागे ब्लड बैंक के जिम्मेदार 15 महीनों से ब्लड बैंक लाइसेंस है एक्सपायर

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

राजगढ़ जिला अस्पताल और ब्लड बैंक के जिम्मेदारों का खून के खेल से काफी पुराना रिश्ता रहा है। वर्षों से जिन जिम्मेदारों के हाथों में ब्लड बैंक की कमान है वहीं उसकी दुर्दशा के जिम्मेदार हैं।

जिले भर में लगातार कैंप लगाकर ब्लड इकट्ठा करने वाले जिम्मेदार पहले भी दूसरे राज्यों में खून तक बिना अनुमति के दे दिया करते थे। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ दीपक पिप्पल के सख्त रूख के कारण दूसरे राज्यों में बिना अनुमति खून जाने पर रोक लगाई गई थी। परंतु अभी भी हालात बदले नहीं हैं, बस इतना फर्क पड़ा है कि अब सब कुछ खुलेआम नहीं हो पा रहा। अब इसके दूसरे रास्ते बना लिए गए हैं। लगता है इन्हीं उलझनों में उलझे रहने के कारण ब्लड बैंक के जिम्मेदार डॉक्टर एक साल बाद भी रजिस्टेशन रिन्यू नहीं करवा पाए हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 22 मई 2023 को भी इसी मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। तब भी जिम्मेदारों ने इसी तरह लापरवाही पूर्ण जबाव देकर अपना पल्ला झाड़ लिया था।





निजी हॉस्पिटल की कमियों पर तुरंत एक्शन, सरकारी पर क्यों नहीं?

दिया तले ही अंधेरा, सरकारी ब्लड बैंक का लाइसेंस महीने भर से एक्सपायर

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

6 माह में बनेगा लाइसेंस

क्यों नहीं किया समय से पहले जिम्मेदारों ने एप्लाई

क्या निजी हॉस्पिटल को भी दिया जा सकता है इतना समय?

### दो जिम्मेदार फिर भी कमियां बरकरार

जिला अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक जिसके जिम्मेदार एमडी डॉ पीके जैन और डॉ धर्मेन्द्र भदौरिया हैं। इनको पता ही नहीं चला की ब्लड बैंक का लायसेंस 15 अप्रैल 2023 को ही एक्सपायर हो चुका है और आज एक साल से ज्यादा हो चुका है परंतु लायसेंस रिन्यू नहीं हो पाया है। आज भी उसी पुराने नंबर को डालकर ब्लड क्रॉस चेकिंग रिपोर्ट बनाई जा रही है। देखने वाली बात तो यह है कि एक तरफ तो सीएमएचओ और सिविल सर्जन निजी अस्पतालों में कमियां होने पर कार्रवाई कर उनका लायसेंस रद्द करने तक की बात करते हैं। वहीं विभाग के जिम्मेदारों की इस लापरवाही पर क्या एक्शन लिया जाएगा यह तो समय ही बताएगा।

### क्या निजी हॉस्पिटल को भी दिया जा सकता है इतना समय ?

यदि सरकारी काम में इस तरह की लापरवाही को ही नियम मान लिया जाएगा तो फिर निजी हॉस्पिटल भी यदि किसी लायसेंस के लिए एप्लाय कर दें तो फिर उन्हें भी लायसेंस प्राप्त करने के लिए 6 महीने तक की छूट देना चाहिए। नियम का पालन तो सभी के लिए बराबर होना चाहिए और दोषियों पर भी कार्रवाई बराबरी से ही होना चाहिए। फिर चाहे वह निजी हो या फिर सरकारी अधिकारी।

### हमने आवेदन कर दिया है...

हमने आवेदन कर दिया है। दिल्ली से टीम आएगी, फिर इसके बाद लायसेंस का रिन्यूअल होगा। अभी प्रोसेस में है।

**डॉ पीके जैन**, ब्लड बैंक अधिकारी राजगढ़

### क्यों नहीं किया समय से पहले जिम्मेदारों ने एप्लाय

*ऐसा कैसे हो सकता है कि ब्लड बैंक के अधिकारी को ही नहीं पता हो कि ब्लड बैंक का लायसेंस कब एक्सपायर हो रहा है और उसके लिए समय पर एप्लाय किया जाए, जिससे नया लायसेंस पुराना खत्म होने के पहले ही विभाग को प्राप्त हो जाए। परंतु डॉ भदौरिया का फोन न उठाना और डॉ जैन की बातों से यह स्पष्ट हो गया कि लायसेंस का रिन्यू होना कोई बड़ी बात नहीं है।*

## सौंधिया जाति पर अपमानजनक भाषा के विरोध में उतरे समाजजन

कलेक्टोरेट पहुंचकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज राजगढ़

नीमच जिले के जावद थानाक्षेत्र में दर्ज एक एफआईआर में समूची सौंधिया समाज के प्रति लिखी गई बेहद अपमानजनक भाषा पर समाजजनों में तीखा आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर समाज के अनेकों लोगों ने बुधवार दोपहर कलेक्टोरेट पहुंचकर उक्त रिपोर्ट लिखने वाले पुलिसकर्मियों पर निलंबन एवं दंडात्मक कार्रवाई की मांग रखी गई है। अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के बैनर तले कलेक्टोरेट पहुंचे समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त रिपोर्ट में लिखा गया है कि आरोपी सौंधिया जाति के सदस्य हैंजो कि नीमच मंदसौर चित्तोड़ में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कुख्यात जाति के हैं। थाने के पुलिसकर्मियों टीआई जीतेंद्र वर्मा, रामपाल सिंह, रघुनाथ सिंह, धमेंद्र की मिलीभगत से उक्त रिपोर्ट में सौंधिया जाति पर अपमानजनक बातें लिखी गई हैं जिससे पूरी समाज में रोष व्याप्त है। सौंधिया समाज का इतिहास शुरू से गौरवशाली रहा है जिसे यह रिपोर्ट ने धूमिल करने का प्रयास किया है। ऐसे में दोषियों पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## कबाड़ की दुकान पर बिक रहा चोरी का सामान

# गौशाला में फिर हुई चोरी, सारंगपुर क्षेत्र में चोरी का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज सारंगपुर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी की मोटर, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर की बैट्री चोरी सहित मंदिर के घंटाल एवं पाइप, भैंस आदि की चोरी की घटना आए दिन सुनाई देती रहती हैं। आवेदक चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने आते हैं तब कहीं पता चलता है कि चोर सक्रिय हैं। नगर में सुनसान पड़े मकान या शासकीय भवनों में लगे कीमती खिड़की दरबाजे लोहे का सामान के साथ जनरेटर आदि की चोरी भी खूब हो रही हैं।

### कबाड़ की दुकान से जब्त किया चोरी का सामान

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हो रही चोरियों का सामान कबाड़े की दुकान पर खुलेआम बेचा जा रहा है। हाल ही में समीप ग्राम भूराखेड़ी में हुई चोरी का सामान भी एक कबाड़ की दुकान से पुलिस द्वारा जप्त किया गया इतना ही नही सारंगपुर में बड़ी बड़ी दुकानें कबाड़ खरीदने की चल रही हैं उन दुकानों का भौतिक निरीक्षण किया जाए तो कई बेस कीमती सामान कबाड़े में मशीनों पर कटते देखा जा सकता है। सारंगपुर में आए दिन हो रही चोरी का मुख्य कारण किसी को पता नही है सूत्रों की माने तो नगर में बड़े पैमाने पर अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वाले ही चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं और कबाड़ की दुकान पर चोरी का सामान नाम मात्र भाव में बेच रहें।

### गौशाला में हुई चोरी

सारंगपुर की कपिलेश्वर गौशाला में 8 जून को भूसा भरने की तथा 10 हास पावर की मोटर एवं ट्रैक्टर में लगी बैट्री कोई अज्ञात चोर चुरा ले गए जिसकी रिपोर्ट गौ शाला समिति के ओमप्रकाश राठी द्वारा पुलिस थाने में की गई हैं इसके पूर्व भी गौशाला से गाय चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई थी इतना ही नही कपिलेश्वर गेट पर लगी घंटाल आदि भी चोर चुरा ले गए हैं देखना यह है कि पुलिस चोरी का का पता कब तक लगाती है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में किया पौधारोपण

### त्हसीलदार सहित पटवारी एवं स्टॉफ ने रोपे पौधे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज खुजनेर

तहसील खुजनेर में अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ की अध्यक्षकता में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे तहसीलदार खुजनेर नित्यानंद पांडे पटवारीगण एवं तहसील स्टाफ के साथ शासकीय मॉडल स्कूल के छात्र एवं छात्रा द्वारा भी इस अभियान में भाग लिया। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी ने सभी बच्चों को अभियान के बारे में बताया। बच्चो को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया सभी बच्चे अपने खेत, घर, स्कूल जहा भी जगह हो पौधा रोपण करें व पौधे को बड़ा करने का संकल्प ले साथ ही अपने माता पिता परिवार जन को इस अभियान में पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अभियान के अंतर्गत तहसील परिसर खुजनेर में अभी तक 300 नीम व पीपल के पेड़ लगाए गए।

# राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह मृतक के परिजनों के बीच पहुंचे, अधिकारियों की लापरवाही का लगाया आरोप

### 24 घंटे बाद भी नहीं हुई एफआईआर, मर्ग कायम जांच में मामला

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा



डूब क्षेत्र में तीन मंजिला मकान तानने और घटना हो जाने के 24 घंटे बाद भी किसी पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई हैं। फिलहाल मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है। जबकि कूंता-राजू सौंधिया जामोन्याघाटा मकान बना रहा था और निर्माण ठेकेदार घनश्याम शर्मा खांकरा संबला था। निर्माणाधीन भवन धराशायी होने से एक की मौत हो गई, किंतु बड़ा हादसा भी हो सकता था, क्योंकि यहां पर 19 मजदूर कार्य कर रहे थे, जिन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई।

प्रशासनिक अधिकारियों की निगाह में पहले यह भवन क्यों नहीं आया ? ऐसे कई सवाल हैं, जो चर्चा का विषय बने हुए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सारी सच्चाई जांच के बाद सामने आ जाएगी। नगर के शिवधाम कॉलोनी के बाहर अजनार नदी के किनारे बन रहे एक तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान के धराशायी होने से उसमें दबे एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर घायल हो गए। 19 मजूदर यहां पर छत डालने का कार्य कर रहे थे। हालांकि 24 घण्टे के बाद भी अभी किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई हैं।

देहात थाना प्रभारी गोविंदसिंह मीणा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। सारी स्थिति जांच के बाद ही साफा हो पाएगी। मर्ग कायम कर लिया है। एक की मौत हुई है, पांच लोग घायल हैं। घटना में घायल हुए मजूदरों को देखने बुधवार राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह अस्पताल पहुंचे। ज्ञातव्य है कि मृतक तूफानसिंह यादव मजदूरी कर मां-बाप का पेट पालन करता था, उसके तीन भाई हैं, जो इंदौर रहते हैं। चारों भाईयों के बीच एक बीघा जमीन हैं। वहीं मृतक भूरा उर्फ तूफानसिंह यादव सिंदूरिया के परिजनों के बीच पहुंचकर सिंह ने ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस घटना पर बोलते हुए सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाहीं एवं भ्रष्टाचार को आरोप लगाया हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रियवृतसिंह खीची, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरूषोत्तम दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, हेमराज कल्पोनी, राजू कीलखेड़ा, विश्वनाथ दांगी, अर्पित शर्मा आदि अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे। घटना के बाद दूसरे दिन घटना स्थल पर सांसद रोड़मल नागर भी पहुंचे। वहीं अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले और डाक्टरों को उचित उपचार की बात कही, तो प्रशासनिक अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए। घायलों एवं मृतक के परिजनों की सहायता करने की बात भी सांसद द्वारा की गई हैं। सांसद के साथ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

# अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में राजगढ़ जिले के ब्यावरा इकाई द्वारा नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष हरिप्रसाद दांगी, परिषद की मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप की प्रांत सह मंत्री मुस्कान सेन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजगढ़ जिले के संगठन मंत्री अमित मेहर उपस्थित रहे। हरिप्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा की विद्यार्थी परिषद यह परिसरों में निरंतर काम करने वाला संगठन है जो विद्यार्थियों के छात्र हित के लिए कार्य करता है अतः प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यार्थी परिषद का हिस्सा बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुस्कान ने अपने भाषण में बताया कि जहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने गौरवशाली संघर्षपूर्ण 76 वर्षों को पूरा कर राष्ट्रवाद की मशाल लिए युवाओं के बीच आगे बढ़ रही है।

# मछली मार्केट पहुंची विभाग की टीम, ढेरों मछलियां जब्त



**राजगढ़।** 15 जून से 15 अगस्त तक की दो माही अवधि विभिन्न प्रकार की मछलियों का प्रजननकाल रहता है। ऐसे में मछलियों की संख्या बढ़ाने उक्त अवधि को क्लोज सीजन के रूप में चिन्हित किया गया है। इस दौरान मछलियों को मारने, बेचने एवं उनके परिवहन पर मत्स्य विभाग ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बाद भी मुख्यालय के मछली मार्केट में कल हाट-बाजार के दौरान अनेकों दुकानदारों द्वारा खुलेआम मछलियों को बेचा जा रहा था। ऐसे में मत्स्य विभाग की टीम ने अचानक छापा करते हुए दुकानदारों पर कार्रवाई की। इसके साथ ही कई किलो मछली भी जब्ती में ली गई।

## सारंगपुर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय तब्लीगी इज्तिमा



**सारंगपुर।** भाईचारे की हवाएं चला दे ऐ अल्लाह इस शहर, सूबे, मुल्क को कामयाबी, तरक्की की बुलंदियों से मालामाल कर दे। ऐ अल्लाह दुनिया के हर इंसान को सच्चाई, ईमानदारी और हक पर चलने की आसानी फरमा दे। उक्त बात सारंगपुर शाही जामा मस्जिद में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इज्तिमा के समापन पर सामूहिक दुआ में कही गईं। अपने गुनाहों की माफी, पूरे मुल्क में अमन-चैन और समाज की खुशहाली की दुआ के साथ सारंगपुर शाही जामा मस्जिद में मंगलवार को समापन हुआ। दुआ-ए-खास में शामिल हर इंसान की आंखें छलक गई और लोगों ने रो-रो कर दुआएं मांगी। इंसानियत की सुख शांति की दुआ में सैकड़ो लोगों की ऐतिहासिक भीड शामिल हुई। इस दौरान भोपाल से आए मौलाना हाफिज इकबाल, मोलाना आरिफ भोपाल,अब्दुल हाफिज भोपाल तथा मौलाना सलमान भोपाल एवं शाही जामा मस्जिद इमाम सारंगपुर कारी अब्दुल रशीद शामिल हुए। दीन-दुखियों पर दया करने का अल्लाह ने हुक्म दिया है। मौलाना इकबाल ने तकरीर के बाद दुआ करवाई। जिसमें पूरे कायनात में अमन-चैन, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस के पूर्व मौलाना सलमान ने कहा कि तब्लीग का काम हमारे आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल के पसंदीदा कामों में से एक है। उन्होंने दीन की खातिर बेहद तकलीफ और परेशानियां उठाईं हैं। उन्होंने कहा कि आज इंसान ने अपनी जरूरत को दुनिया के आसपास सीमित कर लिया है। जबकि अपनी असल जिंदगी आखिरत के लिए तैयारी करने की उसे फिक्र नहीं है।

## बारिश के मौसम में बस्तियों में पहुंच रहे

# न्यायाधीश के शासकीय निवास से पकड़ा जहरीला गोहरा



**राजगढ़।** बारिश का मौसम आते ही सांप, गोहरा सहित अन्य जहरीले जन्तु अपने इंसानी बस्तियों में पहुंचना शुरू हो गए हैं। बुधवार को पीटी कंपनी स्थित न्यायाधीश के शासकीय आवास में एक जहरीला गोहरा दाखिल हो गया। यहीं समीप ही अपर कलेक्टर का निवास भी है जहां दो-तीन दिनों से यह मंडरा रहा था। इस कारण समीप की कॉलोनी के लोग भी दहशतजदा थे। शहर निवासी स्नैक कैचर गोलू मेवाड़े को बुलाने पर उन्होंने गोहरे को असानी से पकड़ लिया। बाद में उसे जंगल जाकर छोड़ा। इसी तरह कुंडीबे ग्राम निवासी एक ग्रामीण के घर में भी बुधवार को एक जहरीला सर्प दाखिल हो गया। गोलू मेवाड़े ने ही उस सर्व को भी पकड़ते हुए उसे उसके प्राकृतिक निवास जंगल में जाकर छोड़ दिया। कहना न होगा कि ये जहरीले जंतु जमीनों में अपने बिल, पोखरों में छिपे रहते हैं और बारिश के मौसम में बाहर निकलते हैं, ऐसे में सभी को सावधानियां बरतने की आवश्यकता है।

## छाबड़ा आईआई एम में चयनित




**सारगंपुर।** सारंगपुर निवासी अरवराज अशवेन्द्र सिंह छाबड़ा कैट की परीक्षा सामान्य वर्ग से पास करके आईआईएम (इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) सिरमौर में चयनित हुए। उनके चयन पर समस्त परिवारजन, मित्रगणों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में पिता अशवेन्द्र छाबड़ा, माता लवल छाबड़ा, भाई ऋषिराज छाबड़ा, दादी इन्द्रजीत छाबड़ा, चाचा राजु छाबड़ा, मामा सुरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, मामी मोना सिंह, अमृत कौर, मासी त्रिवेंद्र कौर एवं ऋषि बाइक्स के समस्त स्टाफ आदि बधाईया एवं शुभकामनाएं प्रेक्षित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डेढ़ लाख कीमती 8 मोबाइल, 9 लाख का तूफान वाहन भी किया जब्त

# चोरी के 16 मोटर पंपों के साथ 3 गिरफ्तार, कई चोरियां कबूली

हरिभूमि न्यूज राजगढ़

चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने चल रही कार्रवाईयों की कड़ी में खिलचीपुर पुलिस ने अंतराज्जीय चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़कर उनके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बुधवार दोपहर पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

खिलचीपुर के कालाजी बड़ली क्षेत्र में जून माह में भगवान सौंधिया के घर में चोरी हुई थी। उक्त चोरी को लेकर गठित टीम ने एक आरोपी विकास भील निवासी उन्दरी का पुरा थाना चांचोड़ा जिला गुना को हिरासत में लेकर उससे काफी पूछताछ की जिसमें उसने कई चौकाने वाले खुलासे किए। आरोपी विकास भील के बताए अनुसार विक्की उर्फ गोलू भील एवं उसके साथी प्रदीप उर्फ बग्का, ज्ञानसिंह उर्फ ज्ञान एवं रिंका के साथ वारदात को कारित करना कबूला। बाद में विक्की को पकड़कर उसकी निशानदेही पर गोलू को हिरासत में लीया गया। आरोपियों ने बताया कि चोरी के बाद वे साथियों के साथ तूफान वाहन से फरार हो जाते थे और माल को आपस में बांट लिया करते थे।



### एक चोरी से लगे अन्य चोरियों के सुराग

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूछताछ में उन्होंने अन्य वारदातों को कारित करना कबूला है। आरोपी विक्की उर्फ गोलू ने बताया कि उसने और साथियों प्रदीप, ज्ञानसिंह, रिंका, विकास ने मिलकर जनवरी महीने में खिलचीपुर के आगे एक गांव की पुलिया के पास नाले से 01 मोटर पंप चुराया था। वहीं गत वर्ष दिसंबर माह में मूंडला डैम के पास से एक मोटर चोरी की थी। इसी तरह जून में ब्यावरा के पास बरखेड़ी गांव के खेतों से दो मोटर पंप, मोहनपुरा गांव के खेत से 2 मोटर पंप, चमानी गांव के खेतों से 2 मोटर पंप, मई-जून में ब्यावरा के भगवतिपुर एवं बोरदा गांव से पांच मोटर पंप उन्होंने चुराए थे। वहीं इसी गैंग ने छापीहेड़ा के पास कांकरिया गांव के खेत से एक विद्युत मोटर चुराई थी। इसके साथ ही कई घरों से मोबाइल इनके द्वारा चुराए गए।

### 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

एसपी मिश्रा ने बताया की तीन आरोपियों विकास भील निवासी नेसकला, विक्की उर्फ गोलू निवासी फतेहपुर, प्रदीप उर्फ बग्या निवासी कोन्या को पकड़ा जा चुका है, वहीं दो अन्य ज्ञानसिंह उर्फ ज्ञान निवासी नेसकला एंव रिंका भील की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। कार्रवाई में खिलचीपुर एसडीओपी आनंद राय, टीआई रघुवीर सिंह धाकड़, प्रवीण जाट, सुनील मिश्रा, समंदर सिंह, पुरुषोत्तम, कमल, दुष्यंत, अरशद सहित कोतवाली पुलिस की टीम, ब्यावरा देहात थाने की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। वहीं सायबर सेल प्रभारी जीतेंद्र अजनारे, मलावर टीआई राहुल रघुवंशी सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।